भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2760**
**04.08.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यम**

2760. **श्री तनुज पुनिया:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) वर्तमान में उत्तर प्रदेश में भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत चालू, रुग्ण या बंद केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएससी) की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या नए औद्योगिक पार्क या कॉरिडोर स्थापित करने के लिए उक्त बंद औद्योगिक इकाइयों की भूमि का उपयोग करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और
(ग) उक्त इकाइयों के बंद होने के कारण बेरोजगार हुए स्थानीय श्रमिकों के पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** भारी उद्योग मंत्रालय के उत्तर प्रदेश में स्थित किसी भी अधीनस्थ केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम (सीपीएसई) को बंद नहीं किया गया है। हालांकि, भारत चमड़ा निगम लिमिटेड का विघटन किया गया है; त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड, भारत यंत्र निगम लिमिटेड व टैनरी एवं फूटवेयर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड परिसमापनाधीन हैं और भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स लिमिटेड और स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड बंद होने के अधीन हैं।

**(ख):** मंत्रालय के पास इस प्रकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**(ग):** कंपनी की नामावली पर विद्यमान सभी पात्र कर्मचारियों को लागू वीआरएस/वीएसएस के लाभ तथा क्षतिपूर्ति पैकेज प्रदान किए गए।

*****